# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

(News Clipping)

हिन्दुस्तान

• मंगलवार • 11 अगस्त 2020


# सामाजिक विकास को लेकर प्रतिबद्धता जताई

रुड़की | कार्यालय संवाददाता

आईआईटी रुड़की ने महाराष्ट्र के हिवरे बाजार को आदर्श गांव में बदलने पर आयोजित एक वेबिनार की मेजबानी की। आईआईटी ने सामाजिक विकास को लेकर प्रतिबद्धता जताई।

रिजनल कोऑर्डिनेटिंग इंस्टीट्यूट (आरसीआई), उन्नत भारत अभियान और इंस्टीट्यूट लेक्चर सीरीज कमेटी, आईआईटी रुड़की ने संयुक्त रूप से ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ़ एन इम्पोवरश्डि विलेज़ इंटू ए मॉडल ऑफ़ डेवलपमेंट विषय पर आधारित वेबिनार का आयोजन किया। हिवरे बाजार महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित है। इस गांव ने 24 वर्षों में प्रति व्यक्ति आय 832 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये कर ली है। भारत में उच्चतम सकल घरेलू उत्पाद के साथ इस गाँव ने एक अनूठा गौरव प्राप्त किया है। आरसीआई-यूबीए, आईआईटी रुड़की के समन्वयक प्रो. आशीष पांडे ने वेबिनार की शुरुआत की। इसमें महाराष्ट्र के मॉडल विलेज प्रोग्राम के कार्यकारी निदेशक और हिवरे बाजार के पूर्व सरपंच पोपटराव बागुजी पवार मुख्य वक्ता के रूप में शामिल थे। उन्होंने अन्ना हजारे से प्रेरित होकर हिवरे बाज़ार के विकास का नेतृत्व किया। उन्हें इस साल 2020 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। आईआईटी के उप निदेशक प्रो. एम. परिदा ने कहा कि सामाजिक विकास में प्रत्यक्ष योगदान की हमारी प्रतिबद्धता पद्मश्री पोपटराव बागुजी पवार के अनुभव से समृद्ध होगी। पोपटराव बोगुजी पवार ने अपने संबोधन के दौरान हिवरे बाजार के विकास में सामुदायिक भागीदारी की भूमिका पर प्रकाश डाला।